अमर उजाला 11/02/2024

वेधशाला उत्सव में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शनिवार को राम प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 12 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा और उनके जीवन की मर्यादाओं के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने जीवन में श्री राम के आदर्शों को अपनाते हैं तो जीवन निश्चित रूप से स्वर्ग बन जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ.मीनू राठी, डॉ. शिखा जग्गी, डॉ. कुलदीप यादव और प्रो.सुषमा शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। संवाद